सोना-चांदी ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

दिल्ली में सोना ?9,700 चढ़कर ?1,30,300 प्रति 10 ग्राम पहुँचा

चांदी ?1,57,400 प्रति किलोग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँची

नयी दिल्ली, 06 अक्टूबर. विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश के लिए हो रही भारी खरीदारी और रुपये में गिरावट के कारण सोमवार को सोने-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गई.

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली में सोना 9,700 की बड़ी तेजी के साथ 1,30,300 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुँच गया, जबकि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु पिछले सत्र में 1,20,600 पर बंद हुई थी.स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,700 की तेजी के साथ 1,22,700 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया.

चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल- सफेद धातु चांदी की कीमतों में भी जोरदार तेजी देखी गई. यह 7,400 की तेजी के साथ 1,57,400 प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुँच गई, जो शुक्रवार को 1,50,000 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी.

दिवाली से पहले की मांग ने स्पॉट मार्केट को और तेज किया है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,19,400 प्रति 10 ग्राम पर, जबकि मुंबई, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता में 24 कैरेट 1,20,770 प्रति 10 ग्राम तक बिक रहा है.

एमसीएक्स बाजार में रिकॉर्ड तेज़ी-

मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दिसंबर 2025 कॉन्ट्रैक्ट में 1.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, और दाम 1,19,595 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गए. अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और मजबूत फंडामेंटल्स के चलते भारतीय बाजार में सोने की मांग में तेज उछाल देखा जा रहा है.

महिंद्रा ने लॉन्च की नई बोलेरो

मुंबई, 6 अक्टूबर. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सोमवार को अपनी लोकप्रिय SUV बोलेरो की नई रेंज लॉन्च की, जिसमें बोलेरो बोलेरो नियो 11 जैसे टॉप-एंड वेरिएंट शामिल हैं. नई बोलेरो रेंज 7.99 लाख से शुरू होती है, जबकि बोलेरो नियो 8.49 लाख से 9.99 लाख तक की कीमत में उपलब्ध होगी. कंपनी के ऑटोमोटिव डिविजन के सीईओ नलिनीकांत गोल्लगुंटा ने बताया, बोलेरो ने बीते 25 वर्षों में अपनी मजबूती और बहुउपयोगिता से भारतीय सड़कों पर एक अलग पहचान बनाई है. नई रेंज इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए उम्मीदों पर खरी उतरती है. नई बोलेरो में रिफ्रेश्ड फ्रंट ग्रिल, फॉग लैम्प्स, डायमंड-कट R15 अलॉय व्हील नया 'स्टेल्थ ब्लैक' कलर विकल्प दिया गया है.

सैटकॉम क्षेत्र तेज़ी से विस्तार की राह पर

सिंधिया ने कहा कि भारत का सैटेलाइट कम्युनिकेशंस क्षेत्र तेज़ वृद्धि के लिए तैयार है

नई दिल्ली, 06 अक्टूबर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि नियामक ढांचे तैयार होने और जल्द लाइसेंसिंग प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही भारत का सैटेलाइट कम्युनिकेशंस क्षेत्र महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए तैयार है. सिंधिया ने कहा कि भारत में सैटकॉम बाजार अगले कुछ वर्षों में दोगुना होने की उम्मीद है. तीन सैटकॉम लाइसेंस पहले ही जारी किए जा चुके हैं, और मंत्री ने विश्वास जताया कि बाजार तेजी से विस्तार करेगा.

सिंधिया के अनुसार, 6ज के मानक और प्रोटोकॉल 2027-28 तक अंतिम रूप ले लेंगे, और उपकरण निर्माण सहित निष्पादन का कार्य लगभग 2030 तक होने की उम्मीद है. 6G की क्षमता एआई, होलोग्राम और सर्जिकल प्रक्रियाओं जैसे उपयोगों को दर्शाती है. उन्होंने यह भी बताया कि ट्राई के जनादेश में वह हस्तक्षेप नहीं करेंगे.

सिंधिया ने भारत के सैटकॉम क्षेत्र की आशाजनक प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके लिए मार्ग पहले ही तैयार हो चुका है, नियमन प्रक्रिया में है, और लाइसेंसिंग व्यवस्था जल्द ही लागू होगी. उन्होंने 6जी प्रौद्योगिकी में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, कहा कि पिछली पीढ़ियों (4जी, 5जी) में सीट न मिलने के विपरीत, भारत इस बार अर्ली मूवर है. भारत आईटीयू के साथ 6ज के मानकों और प्रोटोकॉल निर्धारण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल है, और सर्वव्यापी नेटवर्क सहित भारत के दो-तीन प्रस्ताव स्वीकार किए जा चुके हैं.

सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर महीना रहा मजबूत

अगस्त के 59.3 की तुलना में कम होने के बावजूद मजबूत वृद्धि

प्रौद्योगिकी निवेश और सार्वजनिक नीतियां भी अनुकूल रहीं

मुंबई, 06 अक्टूबर. देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर में भी मजबूती जारी रही, हालांकि इसकी रफ्तार अगस्त के मुकाबले कुछ धीमी जरूर हुई है. माह दर-माह आधार पर आर्थिक गतिविधियों को आंकने वाले एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई सर्वेक्षण की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 60.9 रहा. अगस्त में यह 62.9 था. सूचकांक का 50 से ऊपर होना वृद्धि और इससे नीचे रहना गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है. वहीं 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि मांग में वृद्धि और नये क्लाइंट बनाने के मामले में सितंबर का महीना सेवा क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के लिए सकारात्मक रहा. प्रौद्योगिकी निवेश और सार्वजनिक नीतियां भी अनुकूल रहीं जिससे उत्पादन में वृद्धि देखी गयी. सितंबर में नये ऑर्डरों में भी तेज वृद्धि हुई, हालांकि यह अगस्त के मुकाबले धीमी रही. हालांकि सेवा निर्यात की वृद्धि दर इस मार्च के बाद के निचले स्तर पर आ गयी. लागत में मुद्रास्फीति की रफ्तार कम रहने से कंपनियों के लिए कारोबार और आसान हुआ. भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में अगस्त के हाल के उच्च स्तर की तुलना में सितंबर में नरमी रही.

विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का संयुक्त सूचकांक 61.0 रहा

अधिकतर मोर्चों पर वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी है, लेकिन कुछ भी ऐसा नहीं रहा, जिससे यह संकेत मिलते हों कि सेवा क्षेत्र में वृद्धि की गति में कोई बड़ी गिरावट हो. इससे पहले विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई सितंबर में 57.7 रहा था जो अगस्त के 59.3 की तुलना में कम होने के बावजूद मजबूत वृद्धि दर्शाता है. विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का संयुक्त सूचकांक सितंबर में 61.0 रहा.

उज्ज्वला सिर्फ योजना नहीं, सम्मान का प्रतीक : हरदीप सिंह

नवरात्रि पर 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन, महिलाओं को धुएं से मिली आज़ादी

देशभर में अब तक 10.60 करोड़ परिवारों को मिला एलपीजी कनेक्शन

नई दिल्ली, 06 अक्टूबर. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को केवल रसोई गैस कनेक्शन से बढ़कर, महिलाओं को खाना पकाने के दौरान धुएं से मुक्ति दिलाने और परिवारों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने वाला मील का पत्थर बताया.

मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर घोषणा की कि नवरात्रि के इस अवसर पर उज्ज्वला योजना ने 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन दिए हैं. इस बड़ी उपलब्धि के साथ, योजना अब देश के 10.60 करोड़ परिवारों के भविष्य को रोशन करेगी.

दुनिया का सबसे बड़ा क्लीन फ्यूल मिशन

पुरी ने कहा कि उज्ज्वला योजना को वर्ष 2016 में दुनिया के सबसे बड़े क्लीन फ्यूल मिशन के रूप में लॉन्च किया गया था. इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण और वंचित परिवारों को एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना था, ताकि पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन (जैसे लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले) के हानिकारक धुएं से ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा हो सके. यह योजना डिपॉजिट फ्री है, जिसमें लाभार्थी को स्टोव, सिलेंडर और पहला रिफिल भी शामिल करके दिया जाता है.

प्रमुख उपलब्धियां और विस्तार

लॉन्च और लक्ष्य प्राप्ति- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजना की शुरुआत की गई थी. मार्च 2020 तक 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य 7 सितंबर 2019 को ही हासिल कर लिया गया था.

उज्ज्वला 2.0- प्रवासी परिवारों को विशेष सुविधा देते हुए उज्ज्वला 2.0 के तहत 1.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन का अतिरिक्त आवंटन किया गया. दिसंबर 2022 तक इस योजना के अंतर्गत कुल कनेक्शनों की संख्या 9.6 करोड़ तक पहुंच गई थी.

सुरक्षा और डिजिटलीकरण- पुरी ने जानकारी दी कि अब 90 प्रतिशत रिफिल हर डिलीवरी पर सुरक्षा जांचों के बाद ऑनलाइन बुक किए जाते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है.

रेलवे के डाटाबेस के लिए नये सुरक्षा तंत्र तैयार करेगी एयरटेल

नयी दिल्ली, 06 अक्टूबर. एयरटेल भारतीय रेलवे के डाटाबेस के लिए नये सिरे से एक बहुस्तरीय साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार करेगी ताकि यात्रियों की पहचान, उनके भुगतान के विवरण तथा टिकटिंग, माल ढुलाई और सिग्नलिंग से संबंधित संवेदनशील डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

एयरटेल बिजनेस को रेलवे के डाटाबेस की साइबर सुरक्षा के लिए भारतीय रेलवे सुरक्षा परिचालन केंद्र से एक बहु-वर्षीय अनुबंध मिला है. कंपनी ने सोमवार को बताया कि रेलवे प्रतिदिन 13 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करती है जिसमें दो करोड़ से अधिक यात्री सफर करते हैं. रोजाना लाखों की संख्या में ट्रांजेक्शन होते हैं और ट्रेनों में हर साल 1.5 अरब टन से अधिक माल की ढुलाई होती है. इन सब गतिविधियों से बहुत बड़े पैमाने पर डाटा भी सृजित होता है जिसकी सुरक्षा जरूरी है. एयरटेल बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक शरत सिन्हा ने कहा, आज के समय में जब बढ़ते साइबर जोखिम परिचालन निरंतरता, डाटा की अक्षुण्णता और यात्री सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं.

भुगतान आधारित नेटवर्क ट्विड ने शुरू किया यूपीआई ऐप

बेंगलुरु, 06 अक्टूबर. अग्रणी रिवॉर्ड-आधारित भुगतान नेटवर्क ट्विड ने सोमवार को ट्विड यूपीआई ऐप की शुरुआत की घोषणा की. ट्विड की तरह ही उसके यूपीआई ऐप पर भी उपभोक्ताओं को रिवॉर्ड का लाभ मिलेगा. उपयोगकर्ता एक ही प्लेटफॉर्म पर कई बैंकों, ब्रांडों और कार्यक्रमों से अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को आसानी से लिंक और प्रबंधित कर सकते हैं.

उपयोगकर्ता चेकआउट के समय अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को यूपीआई भुगतानों के साथ जोड़ सकते हैं, उन्हें तुरंत बचत में बदल सकते हैं और जेब से होने वाले खर्च को कम कर सकते

ट्विड ऐप पर प्रत्येक यूपीआई लेनदेन के साथ उपयोगकर्ता ट्विड स्टार्स अर्जित करेंगे, जिससे एक सुसंगत भुगतान अनुभव मिलेगा. ट्विड स्टार्स को विभिन्न व्यापारी भागीदारों के साथ एकत्रित किया और भुनाया जा सकता है.

शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, 06 अक्टूबर. घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक (0.72 प्रतिशत) चढ़कर 81,790.12 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी-50 सूचकांक भी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछलकर 25,077.65 अंक पर बंद हुआ. आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी देखी गयी और एनएसई में आईटी समूह का सूचकांक 2.28 फीसदी मजबूत हुआ.

भारत दुनिया का तेज़ी से बढ़ता ऊर्जा बाज़ार

सौर, पवन और कोयला सभी ऊर्जा स्रोतों में बढ़ोतरी

हम दुनिया भर में गंभीर भू-राजनीतिक तनाव देख रहे हैं: डेल

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. ब्रिटिश पेट्रोलियम के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा बाज़ारों को अब तीन बड़े फैक्टर आकार दे रहे हैं -तकनीकी प्रगति (खासकर एआई), सामाजिक प्राथमिकताओं में बदलाव और भू-राजनीतिक तनाव. एआई से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी पहलुओं का संयुक्त असर ऊर्जा ट्रांजिशन को जटिल लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण बना रहा है.

तेजी से बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और लिक्विफाइड नेचुरल गैस दो ऐसे कारक बनकर उभर रहे हैं, जो आने वाले दशकों में ऊर्जा सेक्टर की दिशा और दशा तय करेंगे. ब्रिटिश पेट्रोलियम के शीर्ष अधिकारियों के मुताबिक, भारत इस बदलाव के केंद्र में है और आने वाले समय में ऊर्जा खपत और उत्पादन दोनों में अग्रणी भूमिका निभाएगा. डेल के अनुसार, हम दुनिया भर में गंभीर भू-राजनीतिक तनाव देख रहे हैं.

न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी जिला इन्दौर

(श्री रोशन राय अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर कक्ष क्रमांक-109)

क्रमांक/327/अकरी-4/2025
प्रकरण क्रमांक/00/ब-121/2025-26
इन्दौर दिनांक 26/09/25

विज्ञप्ति प्रकाशन

प्रति,
1. श्री बालूसिंह पिता श्री जगन्नाथ सिंह
2. श्रीमती अन्नपूर्णा बाई पति श्री बालू सिंह
दोनो का पता – मकान नंबर 182, ग्राम शाहदा तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र.
3. श्री लखन सिंह पिता श्री प्रहलाद सिंह
पता– मकान नं 97 ग्राम हिवडोलिया तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र.
4. श्री दिवन सिंह पति श्री चतर सिंह
पता– मकान नं 13 ग्राम शाहदा तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र.

द्वारा:- तहसील/सांवेर, राऊ/पंजीकृत, डाक/समाचार, विज्ञप्ति

प्राथी प्राधिकृत अधिकारी अधिकारी एस आर जी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड पता – 321 एस एम लोधा काम्प्लेक्स शास्त्री सर्कल के पास उदयपुर 313001 राजस्थान द्वारा निवेदन किया कि बंधक संपत्ति– संपति के सभी भाग एव अंग मकान नंबर 182 वार्ड नंबर 10 पटवारी हल्का नंबर 08 ग्राम शाहदा ग्राम पंचायत बडोदियाखान तहसील सांवेर जिला इंदौर म. प्र. पर बकाया ऋण राशि 5,14,040/- + ब्याज व अन्य खर्चे का चुकारा आपके द्वारा नही किया गया। ओर न ही प्रतिभूति सम्पत्ति का कब्जा ही सौपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एव पुर्नगठन ओर प्रतिभूतहित प्रवतन अधिनियम कि धारा 14 मे प्रतिभूति के रूप मे राखी सम्पत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध मे एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले कि सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर (कक्ष क्रमांक –109 मे दिनांक 10–10–2025 को दोपहर 02:00 बजे होगी।) आप प्रकरण के संबंध मे समस्त दस्तावेज़ व साक्ष्य सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति कि दशा मे प्रकरण मे एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(रोशन राय)
मोहर
अपर जिला दण्डाधिकारी जिला इंदौर (म.प्र.)

समाचार विशेष

क्या राजनीति की दिशा बदल पाएंगे पीके? बिहार को एक नई राह पर ले जाने की कोशिश

पटना. प्रशांत किशोर ने पहले दो साल तक राज्य का दौरा किया, लोगों की नब्ज पकड़ने की कोशिश की. फिर अक्टूबर 2024 में जन सुराज की स्थापना की.

बिहार में विधानसभा चुनावों का ऐलान इसी माह में कभी भी हो सकता है. इस बार के बिहार विधानसभा चुनावों को सबसे मुश्किल माना जा रहा है. इस बार न सिर्फ बिहार के लोगों की बल्कि देशभर के लोगों की नजरें इस चुनाव और इसके नतीजों पर लगी हैं. इसकी कई वजहें हैं.

यह मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद किसी राज्य में होने वाला पहला चुनाव है. महागठबंधन ने वोट चोरी के आरोपों को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया है. इस बार बिहार में चुनावों के दौरान लोगों के बीच एक नया चेहरा है. वह चेहरा प्रशांत किशोर का है, जिन्हें पीके कहा जाता है. अब तक दूसरे नेताओं को चुनाव जीताने वाले किशोर खुद चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं.



किशोर ने अपनी पार्टी जन सुराज के जरिए बिहार के लोगों की बुनियादी जरूरतों को उजागर करने की कोशिश की है. वह बिहार की राजनीति को जाति और वंशवाद के चंगुल से निकालकर एक नई राह पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने करीब तीन साल तक पूरे बिहार की पदयात्रा की है. वह शहर-शहर, गांव-गांव घूमकर लोगों से यह पूछते रहे हैं कि आज बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य है तो इसका जिम्मेदार कौन हैं.

उन्होंने बिहार के लोगों से राज्य पर लगे पिछड़ेपन के दाग को हटाने और विकास के रास्ते पर ले जाने का वादा किया है. उनका फोकस पलायन रोकने और बिहारियों को रोजगार के मौके उपलब्ध कराने पर है.

हाल में हुए सर्वे बताते हैं कि किशोर की बातों का असर लोगों पर पड़ रहा है. उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है. सी-वोटर के प्री-पोल सर्वे के नतीजें बताते हैं कि जन सुराज पार्टी बिहार में चुनाव जीतने नहीं जा रही है, लेकिन यह कई सीटों के नतीजों को प्रभावित कर सकती है. सर्वे में शामिल 20 फीसदी लोगों का मानना है कि जन सुराज एनडीए को नुकसान पहुंचाएगी. 18 फीसदी का मानना है कि यह महागठबंधन को चोट पहुंचाएगी.

35 फीसदी लोगों का मानना है कि यह राज्य के दोनों गठबंधनों को चोट पहुंचाएगी. 49 साल के किशोर एक ब्राह्मण हैं. वह लगातार राजद को 1990 के दशक के बिहार के जंगल राज के लिए जिम्मेदार बता रहे हैं.

केजरीवाल की राह पर

ऐसा लगता है कि एनडीए और महागठबंधन के बाद जन सुराज राज्य में तीसरी सबसी बड़ी पार्टी के रूप में उभरने जा रही है. 2024 के उप-चुनावों में जन सुराज ने कुल चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए. इनमें से तीन में उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई. सूत्रों का कहना है कि जन सुराज राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. किशोर बिहार में जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, वैसी ही राजनीति कभी अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में की थी. वह भी राजनीति में नए थे. उन्होंने भी नई पार्टी बनाई थी.

motilal oswal Home Finance

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल: hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्या: U65923MH2013PLC248741

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं/गारंटियों/बंधककताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि रअफ्फ्अएरक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित, नीचे विस्तार से बताया गया है। motilaloswalhf.com नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

ई-नीलामी की तिथि और समय: 29.10.2025/11:00 पूर्वाह्न से 02:00 अपराह्न (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

स.क्र.	उधारकर्ता/गारंटर/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि
1	LAN: LXMOINDO722-230654804 शाखा: इंदौर, उधारकर्ता: शैलेन्द्र कोटिया, सह-उधारकर्ता: लक्ष्मी कोटिया गारंटर: अंकित बड़केशरिया	08.04.2025 रु. 29,60,441/- (उनतीस लाख साठ हजार चार सौ इकतालीस मात्र)	फ्लैट संख्या 301, तीसरी मंजिल पर स्थित पार्ट एमपीएल संख्या 581, कारपेट एरिया 593 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्रफल 682 वर्ग फुट सुपर निर्मित क्षेत्रफल 927 वर्ग फुट जो कि 86.15 वर्ग फुट है, माया मैनशन अपार्टमेंट, एम. जी. रोड इंदौर, इंद्रप्रस्थ स्क्वायर के पास-452001, इंदौर, म.प्र.।	आरक्षित मूल्य : रू. 25,50,000/- (पच्चीस लाख पचास हजार मात्र), अग्रिम जमा: रू. 2,55,000/- (दो लाख पचपन हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथि : 28.10.2025

नियम और शर्तें 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल: https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और मनीषकुमार यादव 9826473666 और भूपेंद्र खिची 9372704781 से संपर्क कर सकते हैं, विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क: +91 83709 69696, ईमेल आईडी: contact@auctionbazaar.com पर संपर्क कर सकते हैं।

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

एसडी-
स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 07.10.2025
प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना 2025–26

निविदा सूचना क्रमांक/DDRY/BMC/2025/ बुरहानपुर दिनांक 06/10/2025

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाईन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से Day-Nulm विभाग द्वारा दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण हेतु टेण्डर आमंत्रित किए जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

क्रमांक	टेण्डर आईडी नबर	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की अनु. लागत रू. लाख में	अमानत राशि	टेण्डर फार्म की लागत	कार्य की समयावधि
1	2025_UAD_455973_1	दीनदयाल रसोई योजना तृतीय चरण के अंतर्गत 02 स्थायी रसोई केन्द्र संचालन हेतु। स्थान–बुरहानपुर	23.25 (Lakh)	23,000	5000	1 वर्ष

ऑनलाईन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेसाइट पर ही दिखाई देगा।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम, बुरहानपुर